राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक-गृह विज्ञान

पाठ - 10 कार्यपत्रक-10

परिवार संसाधन प्रबंधन

1. आप अपने परिवार के साथ बहुत ही आरामदायक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। वे साधन क्या कहलाते हैं जो ऐसा करने में आपकी सहायता करते हैं? उन्हें सूचीबद्ध कीजिये |

2. नीचे कुछ संसाधन दिये हुये हैं। उन्हें मानव और गैर-मानव रूप में वर्गीकृत कीजिये

धन	टेलिविजन	ऊर्जा	इंटरनेट	अस्पताल	घर	पार्क
समय	कौशल	वाहन	क्षमता	पुस्तकें	ज्ञान	जल

3. आप अपने छह लोगों के परिवार के लिए जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क की यात्रा की योजना बना रहे हैं जिसमें आपके बूढ़े दादा-दादी भी शामिल हैं। एक सफल यात्रा की योजना बनाने के लिए आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रबंधन प्रक्रिया के चरणों की गणना कीजिये ।

4. आपका भाई एक छात्रावास में चला गया है और उसे अकेले चीजों का प्रबंधन करना बहुत मुश्किल हो रहा है। उसे अपने दैनिक जीवन को आसान बनाने में प्रबंधन प्रक्रिया का पालन करने के लाभों के बारे में बताइये।

5. आपको अपने क्लब पुस्तकालय के लिए एक सहायक का चयन करना है । उम्मीदवार का चयन करते समय आप किन विशेषताओं पर विचार करेंगे।

6. "व्यवस्था प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण पहलू है" इसका कारण बताते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिये।

7. आपके परिवार ने आपको कुछ मूल्य दिए हैं। किन्हीं चार की सूची बनाएं।क्या आप उन्हें अपने बच्चों को देना चाहेंगे? दो कारण बताएं कि कैसे इन मूल्यों ने आपको एक बेहतर इंसान बनने में मदद की है|

8. प्रबंधन की प्रत्येक प्रक्रिया का मूल्यांकन करना क्यों महत्व पूर्ण है? अगर हम ऐसा करने में असफल रहे तो क्या गलत हो सकता है?

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक-गृह विज्ञान

पाठ - 10 कार्यपत्रक-10

परिवार संसाधन प्रबंधन

9.अपने कम से कम चार दोस्तों के साथ जीवन में उनके लक्ष्यों के बारे में चर्चा करें। उन्हें संकलित करें और उन्हें अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के रूप में वर्गीकृत कीजिये|

10. आप अपने परिवार को जो चार सुझाव देने चाहेंगे उन्हें लिखिए ताकि उन्हें उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया जा सके।